an>

Title: Issue regarding Saraswati Puja in West Bengal .

श्रीमती लॉकेट चटर्जी (हुगली): सर, बंगाल में ऐसी परिस्थिति है कि वहां कुछ दिन पहले सरस्वती पूजा नहीं करने दी गई । …(व्यवधान) पाकिस्तान में हिन्दुओं को जैसे धर्म की वजह से निकाला जाता है, उन्हें रोक देते हैं, बंगाल की सिचुएशन ऐसी ही है । …(व्यवधान) सरस्वती पूजा करने के लिए मस्जिद से परमीशन लेनी पड़ेगी । …(व्यवधान) वहां ऐसा हो रहा है । …(व्यवधान) वहां छोटे-छोटे बच्चे हैं, उन्हें पांच सालों से अभी तक सरस्वती पूजा नहीं करने दी गई । …(व्यवधान) सरस्वती पूजा का पूरा पंडाल तोड़ दिया है । …(व्यवधान) वहां सरस्वती पूजा नहीं होगी, परमीशन नहीं मिलेगी । …(व्यवधान) ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति कर रही हैं । …(व्यवधान) इसलिए, रास्तों पर सीएए का जो विरोध हो रहा है, वह तुष्टीकरण की राजनीति के लिए हो रहा है । …(व्यवधान) पूरे कोलकाता में सरस्वती पूजा होती है, घर-घर में होती है, लेकिन गांव-गांव में नहीं होती है । …(व्यवधान) वहां जो तृणमूल की सरकार है, अब तो वह घर में घुस गई है । …(व्यवधान) मुर्शिदाबाद में तो अल्पोना भी नहीं बनाने देते हैं । …(व्यवधान) मुर्शीदाबाद में तो अल्पोना बनाने से भी रोका जाता है । …(व्यवधान) वहां ऐसा हो गया है ।…(व्यवधान) छोटे-छोटे बच्चों ने ब्लड दे दिया, लेकिन सरस्वती पूजा वे लोग नहीं करने देंगे । …(व्यवधान) इन सब लोगों ने पश्चिम बंगाल को पूरा का पूरा पाकिस्तान बना दिया है । …(व्यवधान) सबको यह मालूम होना चाहिए, पूरे देश को मालूम होना चाहिए । …(व्यवधान) आप लोग बैठ जाइए । …(व्यवधान) आप लोग पूजा नहीं करने देते हैं । …(व्यवधान) आप लोग डेमोक्रेसी की बात करते हैं? …(व्यवधान) आप लोग सरस्वती पूजा नहीं करने देते हैं । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री एस.सी. उदासी को श्रीमती लॉकेट चटर्जी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, बैठ जाइए ।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अधीर रंजन जी, आप बोलना चाहते हैं?

...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: सर, हमें उम्मीद थी कि हमारे पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर शर्मिंदा होकर कोई अच्छी बात करेंगे, अच्छा बयान देंगे, लेकिन ... * ...(व्यवधान) गोडसे की विरासत संभालने वाले इन लोगों से हम ज्यादा उम्मीद नहीं करते । ...(व्यवधान)

SHRI PRALHAD JOSHI: Shri Adhir Ranjan Chowdhury is misleading the House. ...(*Interruptions*) I have said that under the leadership of Shri Narendra Modi ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: आप सब बैठ जाइए ।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: एक मिनट मुझे बोलने दीजिए ।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आप सब अगर सदन को व्यवस्थित चलाना चाहते हैं, सदन में चर्चा, वाद-संवाद करना चाहते हैं तो मैं सदन चलाऊंगा । अगर आपकी इच्छा है कि सदन में नारेबाज़ी करनी है, तख्तियां चलानी हैं तो फिर सदन चलाने की व्यवस्था नहीं होगी ।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अधीर रंजन जी, आप विचार कर लें ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप सदन चलाना चाहते हैं?

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: सर, हमने सत्ता पक्ष से मांग की थी । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपका विषय क्या है?

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, विषय यह है कि सत्तारूढ़ पार्टी के ये एमपी महात्मा गांधी जी की धज्जियां उड़ाते हैं और प्रेसिडेंशियल एड्रेस में कुछ का कुछ और कहते हैं । …(व्यवधान)

SHRI PRALHAD JOSHI: Smt. Sonia Gandhi and Shri Rahul Gandhi are on bail. What are you talking about? …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: आप आपस में डिबेट नहीं करें?

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: राजन विचारे जी, आप बोलिए ।

…(व्यवधान)